बिहार सरकार
पथ निर्माण विभाग

पत्रांक –1/विविध–078/2009 (पार्ट–4) पटना,दिनांक......................

प्रेषक,

डा० शैलजा शर्मा, भा०प्र०से०,
सरकार के विशेष सचिव।

सेवा में,

श्री संजय कुमार, भा०प्र०से०
सरकार के विशेष सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना।

विषय :– चयन वर्ष 2025 के लिए गैर–राज्य असैनिक सेवा के पदाधिकारियों की चयन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के प्रसंग में सूचित करना है कि चयन वर्ष 2025 के लिए गैर–राज्य असैनिक सेवा के पदाधिकारियों की चयन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति हेतु अनुशंसा करने के लिए पथ निर्माण विभाग में गठित चयन समिति की बैठक दिनांक 12.05.2026 को सम्पन्न हुई। समिति द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त मार्ग–निर्देश के आलोक में अहर्त्ताधारी उत्कृष्ट पदाधिकारियों के चयन हेतु संगत वर्षों की वार्षिक गोपनीय चारित्री प्रतिवेदन, आन्तरिक निगरानी स्वच्छता प्रतिवेदन से प्राप्त प्रतिवेदन तथा विभाग में कार्यावधि (सेवा इतिहास) आदि के समीक्षोपरान्त बिहार अभियंत्रण सेवा वर्ग–1 के निम्नलिखित पदाधिकारी योग्यतम पाये गये :–

1. **श्रीमती रूबी रानी, ,**
   अधीक्षण अभियंता,
   पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
2. **श्री ओम प्रकाश सिन्हा,**
   कार्यपालक अभियंता,
   पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

एतद्आलोक में भारतीय प्रशासनिक सेवा मे चयन के आधार पर नियुक्ति हेतु उपर्युक्त पदाधिकारियों के नाम की अनुशंसा करने का निर्णय चयन समिति द्वारा किया गया है। चयन समिति के उक्त अनुशंसा पर माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

2. चयन समिति की दिनांक 12.05.2026 को बैठक की कार्यवाही की मूल एवं अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न है।

3. सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक–1978 दिनांक 28.01.2026 में निहित निदेशों के अनुरूप संलग्न प्रपत्रों में वांछित सूचनाएँ अंकित कर संलग्न है एवं बायोडाटा भी संलग्न है।

4. अनुशंसित पदाधिकारी (1) श्रीमती रूबी रानी, अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना (2) श्री ओम प्रकाश सिन्हा, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का वर्ष–2018–19 से वर्ष–2024–25 तक का अभिप्रमाणित प्रति एवं प्रतिवेदन विवरणी संलग्न है।

5. अनुशंसित दोनों पदाधिकारियों का आन्तरिक निगरानी स्वच्छता प्रतिवेदन की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न है।

अनु०–यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह०/–
सरकार के विशेष सचिव।

ज्ञापांकः 1/विविध–078/2009 (पार्ट–4) 5340 (5) पटना,दिनांक 15.5.26

प्रतिलिपि : आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर चारित्री प्रतिवेदन अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के विशेष सचिव।

Anuj 15.05.26